## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को बनाई रणनीति

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के अनुसार जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सैयद माऊज़ बिन आसिम के निर्देशन में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत प्रस्तावित है। इसकी सफलता के लिए बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। इसका संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने की।

बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों की संख्या कम रही। तहसीलदार कांठ, बिलारी, ठाकुरद्वारा, एआरटीओ, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, कृषि अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ठाकुरद्वारा ही बैठक में शामिल हुए। प्राधिकरण की सचिव ने कहा कि लोक अदालत की सफलता के लिए सभी संबंधित पक्षों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की अनुपस्थिति न केवल प्रक्रिया को प्रभावित करती है, बल्कि आम जनता को मिलने वाले त्वरित न्याय के उद्देश्य को भी कमजोर करती है।

# इंपीरियल ग्रीन्स सोसायटी की चौथी मंजिल पर लगी भीषण आग

### शार्ट सर्किट से वाशिंग मशीन में लगी आग ने गैस सिलेंडर को चपेट में लिया, मची अफरा-तफरी

- फ्लैट 402 में आग लगते ही घर में मौजूद लोग सुरक्षित निकल गए
- अग्निशमन विभाग की टीम ने दिखाई तत्परता, आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



घटना स्थल पर जांच करती अग्निशमन विभाग की टीम और पुलिस अधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** सिविल लाइन क्षेत्र स्थित इंपीरियल ग्रीन्स सोसायटी के रेजिडेंशियल अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर स्थित फ्लैट संख्या 402 में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे फ्लोर पर धुआं फैल गया, इससे अपार्टमेंट में अफरा-तफरी मच गई।

घटना के दौरान मौजूद लोग सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बाहर निकल गए और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। इसके बाद मुख्य अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय और अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आग पर नियंत्रण कर उसे बुझाने में सफलता पाई। कोई जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि दोपहर करीब 12:54 बजे फायर स्टेशन को इंपीरियल ग्रीन सोसाइटी में आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर अगले ही पल टीम रवाना हो गई। जो घटनास्थल पर एक बजकर दस मिनट पर पहुंच गई। अग्निशमन कार्यों में उपयोग के लिए एक फायर टेंडर भी पहुंचा। मौके पर पहुंचने पर पाया कि सिविल लाइंस थाना के अन्तर्गत इंपीरियल ग्रीन सोसाइटी के मल्टी स्टोरी रेजिडेंशियल बिल्डिंग के चौथे मंजिल के फ्लैट नंबर 402 में गैस सिलेंडर और वॉशिंग मशीन और अन्य उपकरणों में आग लगी थी। इसके चलते धुंआ फैल गया था। लगी थी। फायर स्टेशन यूनिट हैलेट रोड ने सोसाइटी में लगे फायर उपकरणों से आग बुझाने का प्रयास करते हुए तत्परता दिखाई। इससे कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।



आग लगने से फटा सिलेंडर।

## मंडप में बैठी रही दुल्हन नहीं पहुंची बरात, दी तहरीर

**पाकबड़ा , अमृत विचार :** दुल्हन सज-धज कर इंतजार करती रही, लेकिन दूल्हा बरात लेकर नहीं आया। आरोप है कि वर पक्ष दहेज में मोटी रकम मांग रहे हैं।

थाना क्षेत्र के स्थित रतनपुर चौराहा के बैंक्वेट हाल में बुधवार को सभी लोग दूल्हे के आने का इंतजार करते रहे लेकिन बरात नहीं पहुंची। गुलाफशा नाम की युवती का रिश्ता करीब डेढ़ वर्ष पूर्व बियामीन नामक युवक से तय हुआ था। दोनों परिवारों ने 22 अप्रैल को शादी की तारीख निश्चित की थी। दुल्हन पक्ष ने शादी की सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। सुबह से दोपहर तक इंतजार के बाद भी बरात नहीं आई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि लड़के पक्ष के लोग लंबे समय से दहेज में पैसों की मांग कर रहे थे। परिवार ने बताया कि सगाई से लेकर शादी की तैयारियों तक करीब 15 लाख रुपये खर्च किए जा चुके थे। हाल ही में दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ने पर 20 अप्रैल को रतनपुर चौकी पर पुलिस की मौजूदगी में पंचायत हुई थी। जहां 10 लाख रुपये में समझौते की बात सामने आई थी। लड़के पक्ष ने शर्त रखी थी कि रकम दी जाएगी तभी बारात लेकर आएंगे। घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर दी है।

## हाईवे पर रईसजादों ने कार पर किया जानलेवा स्टंट



स्टंट करते कार सवार। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-दिल्ली नेशनल हाईवे पर खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ युवक नेशनल हाईवे पर चलती कार की छत पर बैठकर जानलेवा स्टंट करते दिख रहे हैं। इससे पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहा है। हालांकि अमृत विचार किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बताया जा रहा है कि मामला मझोला थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस के पास से गुजरने वाले नेशनल हाईवे का है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि यूपी 25 नंबर की तेज रफ्तार कार की छत पर दो युवक बैठकर खुलेआम खतरनाक स्टंट कर रहे हैं। इसमें वह न सिर्फ अपनी जान खतरे में डाल रहे बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों को भी बड़े जोखिम में डाल रहे हैं।

इस खतरनाक स्टंट का वीडियो पीछे चल रही एक अन्य गाड़ी में सवार युवकों ने रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पुलिस के यातायात नियमों पर भी सवाल खड़ा हो रहा है, लेकिन ऐसे स्टंटबाजों के हौसले कम नहीं हो रहे हैं।

> वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> **सुभाष चन्द्र गंगवार**, एसपी ट्रैफिक

## 14 साल पहले हुए दोहरे हत्याकांड में भाजपा नेता सहित सभी आठ आरोपी बरी

- ज्वालानगर शिव विहार कालोनी में नाले में मिले थे दोनों के शव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के 14 साल पुराने चर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में सभी आठ आरोपी सबूतों के अभाव में बरी हो गए हैं।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ज्वालानगर शिव विहार कॉलोनी में 17 मार्च 2012 को नाले में दो बाइक सहित दो युवकों के शव बरामद हुए थे। दोनों की पहचान आगापुर निवासी अजय यादव और भोट थाना क्षेत्र के मिलक बिचौला गांव निवासी जुल्फिकार के रूप में हुई थी। मृतकों के परिजनों की ओर से आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमे में ज्वालानगर निवासी शिव सेना जिला प्रमुख अनुराग शर्मा, अवधेश शर्मा, आगापुर निवासी प्रदीप पंडित, शहजादनगर थाना क्षेत्र के रायपुर का मझरा के कल्लू, मुरादाबाद जनपद के थाना मूंढापांडे अंतर्गत धतुर्रा मेघानगला गांव के मुकेश, उसका भाई बंटी, जनपद बदायूं के विक्की पंडित और ज्वालानगर के वासी उर्रहमान उर्फ शबलू को नामजद किया गया था। मुकदमे की सुनवाई जिला सत्र न्यायालय में हुई। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अनुराग शर्मा की मृत्यु हो गई थी। मुकदमे में बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक छत्रपाल यादव को भी बाद में आरोपी बनाया गया था।

## मेले में सफल 21 बेरोजगारों को मिला रोजगार

- क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में लगाया रोजगार मेला
- मेले में आए 35 अभ्यर्थियों का टीम ने लिया साक्षात्कार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



रोजगार मेले में मौजूद प्रतिभागी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांठ रोड के समीप स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में बुधवार को रोजगार मेला लगाया गया। इसमें डिजाइनको कंपनी के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 21 अभ्यर्थियों को नौकरी के लिए चयनित किया।

शिक्षित व पंजीकृत बेरोजगारों को सेवायोजन विभाग विभिन्न कंपनियों व फर्मों में रोजगार दिलाकर समर्थ बना रहा है। इसी क्रम में बुधवार को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला लगाया गया। इसमें निजी क्षेत्र के नियोजक दिल्ली रोड स्थित डिजाइनको कम्पनी के द्वारा टेक्निकल और नॉन टेक्निकल पदों के लिए साक्षात्कार के माध्यम से पंजीकृत शिक्षित बेरोजगारों का साक्षात्कार लिया गया। कंपनी के प्रतिनिधि वी शंकर ने टीम के साथ रोजगार मेले में आए 35 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। जिसमें से सफल 21 अभ्यर्थियों को विभिन्न पदों पर नौकरी के लिए चयनित किया गया। सफल अभ्यर्थियों के चेहरे पर खुशी दिखी।

सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र ने बताया कि समय-समय पर विभाग के द्वारा रोजगार मेला लगवाकर शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी का अवसर प्रदान किया जाता है, जिससे वह आर्थिक रूप से सक्षम होकर स्वयं और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। रोजगार मेले में अभ्यर्थियों के लिए फार्म और प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए कर्मचारी लगाए गए थे। इसमें विभाग के अलावा कंपनी के भी कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। बताया कि साक्षात्कार में सफल 21 शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी मिलने से सरकार की मंशा को और मजबूती मिली। रोजगार मेले में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के मुकेश कुमार, अशोक कुमार, उपेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, कुन्दरकी (मुरादाबाद)

पत्रांक: 124/आंकिक/क्षे.पं.पत्रां./2025-26 दिनांक: 21.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15 वां केन्द्रीय वित्तय आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित विवरणानुसार निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 23 अप्रैल2026 से दिनांक 07 मई 2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक नीचे दर्शाये गये कार्यो की पृथक-पृथक सीलबन्द निविदायें (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड पृथक-पृथक लिफाफों में) प्रतिशत दर के आधार पर आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 07 मई 2026 को अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, कुन्दरकी में खोली जायेगी। कार्य से सम्बनित विवरण, निविदा एवं नियम शर्ते कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कर दिनांक 07 मई 2026 की अपरान्ह 11:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर निर्गत किये जायेंगे। किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह है। सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत लम्बाई मीटर में | अनुमानित लागत कर सहित (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. में) 500+500 स्टेशनरी आदि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ग्राम डींगरपुर में एजाज प्रधान के घर से कमरूल के घर तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 110 | 9.99 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 02. | ग्राम मसेबी में अनीस मलिक के घर से जूनियर हाईस्कूल तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 120 | 8.50 | 17,000.00 | 1,000.00 |
| 03. | ग्राम डींगरपुर में फेजल के घर से गुलाब नबी के मकान तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 50 | 3.30 | 6,500.00 | 1,000.00 |
| 04. | ग्राम लदुपुरा में मेन रोड से जगन ठेकेदार के घर तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 100 | 8.70 | 17,000.00 | 1,000.00 |
| 05. | ग्राम मोहनपुर तख्तपुर में आले हसन के घर से राकेशन के घर तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 50 | 4.50 | 9,000.00 | 1,000.00 |
| 06. | ग्राम मिलक कठेर में सेनियों वाले चौक से चामुण्डा तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 125 | 9.99 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 07. | ग्राम पण्डित नगला में भूरे के मकान से हाजी अन्जार की बैठक तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 120 | 9.99 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 08. | ग्राम मैनाठेर में सलमानियों वाले मिलक में शैलेन्द्र के घर से चांद के घर तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 145 | 9.99 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 09. | ग्राम मदारपुर बिचौला में अब्बास के घर से अन्सार के घर तक खण्डजा मार्ग व नाली निर्माण कार्य। | 300 | 8.62 | 17,000.00 | 1,000.00 |
| 10. | ग्राम कलालखेड़ा में अफजल के घर से राशिद के घर तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 100 | 8.30 | 16,500.00 | 1,000.00 |
| 11. | ग्राम सुन्दरपुर में अतीक के मकान से विनय मिस्त्री के मकान तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 55 | 6.40 | 13,000.00 | 1,000.00 |
| 12. | ग्राम खजरा में ओमपाल के घर से शराफत हुसैन के घर तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 115 | 9.90 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 13. | ग्राम भीकनपुर में शमशाद के घर से आसिम के घर तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 60 | 5.60 | 11,000.00 | 1,000.00 |
| 14. | ग्राम नगला सलार में लखनवीर के घर से मित्रपाल के घर तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 100 | 8.90 | 18,000.00 | 1,000.00 |
| 15. | ग्राम भीकनपुर त्यागीवाला में सुभाष त्यागी से गगन त्यागी तक सी.सी. टाइल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 50 | 2.65 | 5,000.00 | 1,000.00 |
| 16. | ग्राम मिलक नानपुर में सुरेश जाटव के घर से आनन्द के घर तक सी.सी. टाइल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 20 | 1.95 | 4,000.00 | 1,000.00 |
| 17. | ग्राम नानपुर में कैलाश के घर से छत्रपाल के घर तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य। | 20 | 1.95 | 4,000.00 | 1,000.00 |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**कुन्दरकी (मुरादाबाद)**

**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत कुन्दरकी (मुरादाबाद)**


## मृतक रेलवे कर्मी की की पत्नी को दिया एक करोड़ का चेक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे सैलरी पैकेज स्कीम के अंतर्गत स्व. हेमराज/ कार्यालय खल्लासी की पत्नी को बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव की उपस्थिति में एक्सिस बैंक/ शाखा चंदौसी द्वारा एक करोड़ आठ लाख का चेक प्रदान किया गया।

क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी मे कार्यरत हेमराज / कार्यालय खल्लासी की सड़क दुर्घटना में दो नवंबर 2025 को मृत्यु हो गई थी। कर्मचारी का रेलवे सैलरी पैकेज स्कीम के अंतर्गत एक्सिस बैंक की चंदौसी शाखा मे खाता था। मंडल रेल प्रशासन के अधिकारियों ने एक्सिस बैंक के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय कर कार्यवाही को पूरा कराया। इसके बाद बैंक द्वारा पैकेज का लाभ देते हुए एक करोड़ आठ लाख की धनराशि स्वीकृत की गई।

## बीडीओ पर उत्पीड़न का आरोप, सचिव ने कार्यालय में आत्मदाह का किया प्रयास

- शाहबाद ब्लॉक परिसर का मामला

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

**अमृत विचार:** शाहबाद ब्लॉक परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्राम पंचायत सचिव ने खंड विकास अधिकारी पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उनके कार्यालय में ही आत्मदाह का प्रयास लिया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने किसी तरह स्थिति संभाली और बड़ी अनहोनी टल गई।

ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव पवन सागर ने बीडीओ धीरेंद्र पाल सिंह चौहान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सचिव का कहना है कि जब वह पहले मिलक ब्लॉक में तैनात थे। तब भी बीडीओ द्वारा उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्रताड़ित किया जाता था। बाद में बीडीओ का तबादला शाहबाद हो गया और संयोगवश सचिव का भी स्थानांतरण यहां हो गया। जिसके बाद फिर से उत्पीड़न शुरू हो गया। सचिव ने आरोप लगाया कि खिरका गांव में खराब सड़क की शिकायत का बीडीओ द्वारा फर्जी निस्तारण कर दिया गया। इसके बाद आवास योजना की जांच में कथित लापरवाही का हवाला देते हुए उनके खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि तैयार कर ली गई। जिसे रंजिशन बाद में भेजा गया। सचिव ने यह भी आरोप लगाया कि वह दलित समाज से आते हैं और इसी आधार पर भी उन्हें प्रताड़ित किया गया। लगातार हो रहे उत्पीड़न से परेशान होकर बुधवार को उन्होंने बीडीओ कार्यालय में पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की। समय रहते कर्मचारियों ने उन्हें रोक लिया। घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई।



> सचिव पवन सागर द्वारा कार्यों में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई थी। वह उसे लेकर कार्यालय में आए और गलत व्यवहार करने लगे। इसलिए हरकत से इन्होंने हम पर दवाब बनाने की कोशिश की, जिससे कि हम इनसे कोई काम न कराएं। मामले में उच्च अधिकारियों कों अवगत करा दिया गया है। उनके दिशा निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **- धीरेन्द्र पाल सिंह चौहान**, खंड विकास अधिकारी शाहबाद

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें


## एस.एस. इन्टर कॉलेज, मुरादाबाद

**सहायक लिपिक पद हेतु आवेदन सूचना**

**पद का नाम**- सहायक लिपिक 01 पद (अनारक्षित श्रेणी)

**वेतनमान**- (5200-20200 ग्रेड पे 2000 लेवल- 3 पे मैट्रिक्स 21700-69100)

**शैक्षिक अर्हता**- इन्टरमीडिएट या समकक्ष तथा डोएक/नीलेट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री तथा प्रारम्भि अर्हता परीक्षा वर्ष 2025 में 50 प्रतिशत या अधिक परसेटाईल करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। तथा कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द होना अनिवार्य है।

**आयु सीमा**- 01 जुलाई 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष।

**आवेदन शुल्क**- सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के लिए रूपये 750 तथा अ.जा./जनजा./ईडब्ल्यू एस. के लिए 500 रू. आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 13.05.2026 तक प्रबन्धक, एस.एस.इन्टर कॉलेज मुरादाबाद के पद नाम से निर्धारित शुल्क का बैंक ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक संलग्न करते हुए उक्त पते पर स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करें। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र जि.वि.नि. मुरादाबाद की ई-मेल आई.डी. moradabaddios@gmail.com पर भी प्रेषित करेंगे। सम्पूर्ण जानकारी के लिए विद्यालय में उपस्थित होकर किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। आवेदन पत्र का प्रारूप विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

**प्रबन्धक**
**एस.एस. इन्टर कॉलेज, मुरादाबाद**


## शादी से इनकार करने पर युवती की हत्या

- शादीशुदा आरोपी कई वर्ष से मृतका पर बना रहा था शादी का दबाव

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** शादी से इनकार करने पर व्यक्ति ने युवती को घर में घुसकर चाकू से गोदकर घायल कर दिया। परिजन युवती को अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी ने भी खुद को चाकू मारकर घायल कर लिया।

शहर में स्थित काशीराम कॉलोनी में जाकिर की कशिश से राहुल नामक युवक ने खुद को भी चाकू मारकर घायल कर लिया। कॉलोनी के लोग कशिश को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी राहुल को अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि कशिश और राहुल के बीच तीन-चार वर्ष से प्रेम संबंध थे। राहुल मृतका पर शादी का दबाव बना रहा था, इनकार करने पर आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। बताया जाता है कि आरोपी राहुल 11 अक्टूबर 2025 को कशिश को अपने साथ हरिद्वार ले गया था। उस वक्त कशिश नाबालिग थी। तब कशिश की मां ने राहुल के खिलाफ अपहरण और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# दंपती का एक और हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अगवानपुर पुल के नजदीक पुलिस पर की फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

**अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने दोहरा हत्याकांड के आरोपी अंसार को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान जवाबी कार्रवाई में अंसार के पैर में गोली लगी है। घायल अंसार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सिविल लाइन्स क्षेत्र के चक्कर की मिलक में मकान खरीद के पैसों के विवाद में आरोपी ने भी दोहरे हत्याकांड में अहम भूमिका निभाई थी। 20 अप्रैल को मकान खरीद के बकाया रुपयों को लेकर हुए विवाद में फरजन्द, अनस, फहीम, आरिफ, नवाब व एक अज्ञात आरोपी ने राजा और उसकी पत्नी फरहा की चाकुओं से हमला कर हत्या कर दी थी। घटना के संबंध में थाना सिविल लाइन्स में मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने पहले ही आरोपी फहीम पुत्र अब्दुल वाहिद को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, 21 अप्रैल की रात पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि हत्याकांड से जुड़ा संदिग्ध व्यक्ति अगवानपुर में रिंग रोड के निर्माणाधीन पुल के पास मौजूद है। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर रोकने का प्रयास करने पर आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी घायल हो गया, जिसकी पहचान अनस उर्फ ढेला पुत्र शाकिर मुल्ला निवासी चक्कर की मिलक के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा 315 बोर, दो कारतूस और एक खोखा बरामद किया है। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक पारित न होने देने के विरोध में फूंका विपक्ष का पुतला

# सिर्फ अपने घर की महिलाओं का विकास चाहते हैं राहुल-अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



इंपीरियल तिराहे पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव का पुतला लेकर प्रदर्शन करती भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी।

- भाजयुमो ने कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों की महिला विरोधी सोच की निंदा की
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता रहीं मुख्य वक्ता

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महानगर की ओर से महिला आरक्षण से जुड़ा नारी शक्ति वंदन संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित न होने के विरोध में बुधवार को इंपीरियल तिराहे पर कांग्रेस व विपक्ष का पुतला फूंका गया। मुख्य वक्ता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि यह महिला अधिकारों के प्रति घोर अन्याय है। देश की महिलाओं के मन में कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टियों के प्रति गहरी नाराजगी है।

महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 में संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बना। पूरे देश की महिलाओं ने उत्सव के रूप में सरकार का अभिनंदन किया। इस अधिनियम को 2029 से लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभा में लागू करने के लिए लाया गया, जिसे कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों ने गैर जिम्मेदाराना रवैया दिखाकर इसके विरोध में मतदान किया। देश की महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण का सपना टूट गया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पास नहीं हो सका। राहुल गांधी और अखिलेश यादव सिर्फ अपने घरों की महिलाओं का विकास चाहते हैं, लेकिन देश की महिलाओं का नहीं।

भाजपा महानगर उपाध्यक्ष हेमराज सैनी ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने यह दिखा दिया है कि वे महिलाओं को संसद में उनका अधिकार नहीं देना चाहते हैं। जिस प्रकार इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी, उसी तरह राहुल गांधी, अखिलेश यादव महिलाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों की हत्या कर रहे हैं। भाजपा महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने बताया कि हर नगर मंडलों में कांग्रेस और अन्य विपक्षी राजनीतिक दलों के खिलाफ पदयात्रा निकाली जाएगी। सोशल मीडिया पर कैंपेन चलाया जाएगा।

इस दौरान युवा मोर्चा के महानगर महामंत्री अभिषेक राठौर, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, मीडिया प्रभारी अर्चित गुप्ता, नवदीप टंडन, रुचि चौधरी, कविता गुप्ता, कमला वर्मा, शीतल रानी, शिखा परमार, पंकज शर्मा, अशोक सैनी, कपिल देव, अश्वनी शर्मा, दीक्षांत चौधरी, अजय वर्मा, अनुराग सिंह, धर्मेन्द्र मिश्रा, सुनीता शर्मा, हेमा खत्री, रंजना शर्मा, वनीता महरोत्रा, सिमरन कौर, शाशांक यादव, उदित शर्मा, गजेन्द्र सिंह, नीरज कुमार, विवेक शर्मा, रचना अग्रवाल, मंयक खत्री, अमित गुप्ता, पूनम चौहान, उमेश अरोड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शहर में आज

- जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 4 :00 बजे।
- लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

# पारा 40 के पार, पूरे दिन लू के थपेड़ों ने झुलसाया

## मुरादाबाद जिले में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस किया गया रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



गर्मी में घर के लिए मिट्टी का पानी पीने का बर्तन पसंद करता युवक। ● अमृत विचार



तपती गर्मी में प्यास बुझाता बंदर।

- दोपहर में धूप से बचने के लिए छांव की तलाश, सूखे लोगों के हलक
- गर्मी से राहत को शिकंजी और नारियल पानी का लिया सहारा

**अमृत विचार:** अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में इस वर्ष अधिकतम तापमान 40 डिग्री को पार कर 41 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों ने लोगों को बुधवार को बेदम कर दिया। पूरे दिन लोग लू व भीषण गर्मी से बेहाल रहे। धूप से बचने के लिए लोग छांव की तलाश करते रहे। ग्रीन बेल्ट में सड़क के नीचे छाए में वाहन रोक कर लोग आराम करते रहे।

मौसम विभाग ने इस बार पिछले कई वर्षों से अधिक गर्मी पड़ने की चेतावनी दी है। इसका असर अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में ही दिख रहा है। बुधवार को दोपहर में सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों ने लोगों को बेदम कर दिया। सनग्लास, कैप लगाने के बाद भी लोग लू से झुलसते रहे। दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही आटो और ई-रिक्शा में बैठे लोग भी लू के थपेड़ों से बेहाल हो गए। सूरज की किरणें मानों झुलसाने पर आमादा थीं। घरों व कार्यस्थलों पर एयरकंडीशनर चलने पर ही लोगों को राहत मिली। वहीं दोपहर में घर से बाहर निकले लोग सनग्लास, गमछा व कैप आदि लगाकर निकले, लेकिन सूरज की तपिश से सब बेकार साबित हो रहा था। अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे देर शाम तक तपिश का असर बरकरार रहा। गर्मी बढ़ने पर बिजली के उपकरणों के अधिक प्रयोग से लोकल फाल्ट भी होने से लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ी। गर्मी से लोगों के हलक सूखने पर राहत पाने के लिए बोतलबंद पानी, शिकंजी, नीबू पानी, नारियल पानी का लोगों ने सहारा लिया। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है।

### अगले तीन दिनों का अनुमानित तापमान

| तारीख | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 23 अप्रैल | 41 डिग्री सेल्सियस | 27 डिग्री सेल्सियस |
| 24 अप्रैल | 41 डिग्री सेल्सियस | 27 डिग्री सेल्सियस |
| 25 अप्रैल | 42 डिग्री सेल्सियस | 28 डिग्री सेल्सियस |

### बढ़ता तापमान न तोड़ दे कई वर्षों का रिकॉर्ड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इस बार भीषण गर्मी पिछले कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ सकती है। जिले में अभी तक गर्मी में 40-45 डिग्री अधिकतम तापमान का औसत है, लेकिन इस बार अप्रैल में ही पारा 40 के पार पहुंच गया। मौसम विभाग अभी और तापमान बढ़ने का अनुमान जता रहा है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बने सिटी हीट एक्शन प्लान 2026 में मई-जून को सर्वाधिक गर्म महीना माना गया है। गर्मी में 40-45 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान पिछले कई वर्षों में पहुंचा है, लेकिन इस बार सूरज के चढ़ते तेवर को देखते हुए रिकॉर्ड पर पहुंचने का अनुमान जताया जा रहा है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में बुधवार को ही अधिकतम पारा 41 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच चुका है। तापमान अधिक बढ़ने और लू से हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ना तय है। जिसे देखते हुए कलेक्ट्रेट स्थित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी विभागों और तहसीलों को लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी अनुज सिंह और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय के निर्देश के अनुसार प्लान के अनुरूप सभी विभागों को आपसी समन्वय से लू व भीषण गर्मी से बचाव के उपाय करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

#### यह हैं हीट स्ट्रोक के लक्षण

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षण कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि है। इसे पहचानें और इस प्रकार के लक्षण की स्थिति में तत्काल नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें। यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते हैं तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें।

## जनगणना में लगे शिक्षकों को मिले अर्जित अवकाश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। इसमें जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य में लगे शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश के दौरान जनगणना का अनिवार्य राजकीय कार्य कराने के बदले अर्जित अवकाश प्रदान करने की मांग की गई है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में जनगणना के कार्य में बड़ी संख्या में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षक प्रगणक और पर्यवेक्षक के रूप में लगाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जनगणना का यह अनिवार्य राष्ट्रीय कार्य ग्रीष्मकालीन अवकाश में कराया जा रहा है जिससे शिक्षकों के लिए ग्रीष्मावकाश का कोई मतलब नहीं रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जनगणना कार्य में लगे सभी शिक्षकों को इस कार्य अवधि के अनुपात में अर्जित अवकाश प्रदान करने के लिए विभागों को स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### चोरों ने बनाया तीन घरों को निशाना, सोने-चांदी के जेवर चोरी

**भगतपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम भगतपुर टांडा में मंगलवार की रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर यहां से सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए। इस संबंध में ग्रामीण नासिर अली ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है। नासिर अली के द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार मंगलवार की रात्रि करीब 1 :30 बजे कुछ चोर उनके घर में घुस आए व घर के आंगन में सो रही उनकी पत्नी के कानों से कुंडल निकालकर भाग गए। इसके बाद चोरों ने गांव के ही फिरासत अली की पत्नी शमीम जहां के कानों के कुंडल भी निकाल लिए एवं ग्रामीण अनीस अहमद के घर में घुसकर चोरों ने सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए। ग्रामीणों ने भगतपुर पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची व जानकारी एकत्र की। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### कैंटीन पर सामान लेने गई किशोरी से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती गांव निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 21 अप्रैल की दोपहर उसकी 13 वर्षीय बेटी पड़ोस की ही कैंटीन पर सामान लेने गई थी। आरोप लगाया कि कैंटीन संचालक शोएब पुत्र यामीन निवासी सहसपुर ने उसकी बेटी के साथ छेड़खानी की। उसे पड़कर अंदर ले गया और गेट बंद कर लिया। शोर मचाने पर आरोपी ने उसकी बेटी को छोड़ा। इसके बाद उसकी बेटी छत पर चढ़ गई और पड़ोसी की छत से होते हुए घर पहुंची, जहां उसने रोते हुए घटना की जानकारी परिजनों को दी, वहीं पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## छह पीए ग्रेड-वन अधिकारी बने राज्य कर अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में राज्य कर विभाग के राज्य कर अधिकारी (राजपत्रित) पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई है। इसके माध्यम से से प्रदेश भर से व्यक्तिगत सहायक और आशुलिपिक संवर्ग के 20 पीए ग्रेड-वन अधिकारियों को राज्य कर अधिकारी पद पर पदोन्नत किया गया। इनमें मुरादाबाद जोन से छह अधिकारियों का चयन हुआ है।

पदोन्नत होने वालों में राजवीर सिंह विश्नोई, दिनेश सिंह चौहान, जय प्रकाश प्रजापति, ओमप्रकाश सिंह, अशोक कुमार और सुजीत यादव शामिल हैं। अधिकारियों और साथियों ने प्रोन्नित पर बधाई दी।

## आशा भोसले का निधन संगीत जगत की बड़ी क्षति



नवीन नगर में आशा भोसले को श्रद्धांजलि देते संगीत प्रेमी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवादाता मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आशा भोसले की स्मृति में स्मृति सभा बुधवार को संगीतज्ञ बाल सुंदरी तिवारी के आवास नवीन नगर में हुई। संगीत प्रेमियों ने आशा भोसले की स्मृतियां साझा की। कहा कि आशा भोसले के निधन से संगीत जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। अंत में सभी ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। स्मृति सभा में आदर्श भटनागर, रजत शर्मा, नितिन व्यास, प्रिया व्यास, जान्हवी शर्मा, रागिनी कौशिक, नरेंद्र कुमार कौशिक, राजीव निगम, पप्पू लहरी, बृजेश, विजय कुमार मौजूद रहे।

## स्कूटी सवार महिला सिपाही को कार ने मारी टक्कर, गंभीर

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** स्कूटी सवार महिला सिपाही को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

थाना पाकबड़ा में तैनात महिला सिपाही रजनी मूल रूप से मथुरा जिले की रहने वाली हैं। वह बुधवार को किसी काम से कांठ रोड पर जा रही थी। जैसे ही वह पीवीआर माल के सामने पहुंची। तभी तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

## असफलता से सीखने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



लीडरशिप टॉक को संबोधित करतीं सोनल गोयल। ● अमृत विचार

- लीडरशिप टॉक में टीडीएक्स स्पीकर सोनल गोयल ने दिया सफलता के लिए टिप्स

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की लीडरशिप टॉक सीरीज के 19वें सत्र में फ्रॉम प्रीप्रेशन टू पर्पज़ः लाइफ लेशंस फ्रॉम द सिविल सर्विस जर्नी में त्रिपुरा सरकार में सचिव, टीडीएक्स स्पीकर आईएएस सोनल गोयल ने कहा कि जीवन में असफलता से डरने की नहीं, बल्कि उसे स्वीकार करते हुए सीखने की जरूरत है।

मुख्य वक्ता आईएएस सोनल गोयल ने बताया कि अक्नॉलेजमेंट और एनालिसिस के जरिए व्यक्ति अपनी गलतियों को समझ कर उन्हें सुधार सकता है। असफलता को विकास का साधन बताया। कहा कि जब तक आप खुद हार नहीं मानते, कोई आपको हरा नहीं सकता। उन्होंने सफलता के लिए 5 सी फॉर्मूला- क्लैरिटी, करेज, कंविक्शन, कंसिस्टेंसी और कंपैशन को अपनाने की सलाह दी। बताया कि लक्ष्य की स्पष्टता के साथ निरंतर प्रयास और मजबूत आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। इसके पहले आईएएस सोनल गोयल, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, प्रो. सुशील कुमार, डॉ. अलका अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संचालन डॉ. नेहा आनंद ने किया।

जागरूकता

नगर निगम की अनुबंधित आईईसी टीम ने पृथ्वी दिवस पर वार्डों और स्कूलों में चलाया अभियान

# नुक्कड़ नाटक और पोस्टर बनाकर पृथ्वी के संरक्षण को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पृथ्वी दिवस पर स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र छात्राएं व शिक्षक।

**अमृत विचार:** नगर निगम की अनुबंधित आईईसी टीम ने बुधवार को पृथ्वी दिवस पर वार्डों व विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया। इसमें नुक्कड़ नाटक और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता कराई गई।

वार्ड 19 स्थित चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। वहीं वार्ड 59 के बनातुल कुरैश गर्ल्स इंटर कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। इसमें सेव द अर्थ का संदेश दिया गया। बेसिक शिक्षा परिषद नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क में सोर्स सेग्रीगेशन विषय पर रंगारंग खेल के माध्यम से बच्चों को घर के कचरे को पृथक करने की जानकारी दी गई। इसके माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा, आईसी सुपरवाइजर यशवीर सिंह, एसएफआई प्रदीप, संयुक्त आईईसी टीम के सदस्य अनु तोमर, अमित आर्य, लक्ष्मी एवं प्राची उपस्थित रहे।

इसी क्रम में बुद्ध बाजार स्थित एसएसके इंटर कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। इसमें छात्रों को पृथ्वी संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

वार्ड 63 के प्राथमिक विद्यालय जामा मस्जिद और कस्तूरबा गांधी स्कूल में बच्चों और शिक्षकों को पृथ्वी दिवस के महत्व, पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त जीवन, जल संरक्षण एव स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। वार्ड 22 के डीवीएन इंटर कॉलेज, वार्ड 42 के श्री सनातन धर्म सभा सरस्वती शिक्षा मंदिर, वार्ड 37 के नेहरू पब्लिक स्कूल और वार्ड 28 के विद्यालयों में पौधरोपण, पोस्टर मेकिंग, जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया।

### पृथ्वी दिवस पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में सोनी प्रथम



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वित्तपोषित व लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित आशियाना कॉलोनी स्थित विहान बालिका आवासीय विद्यालय में बुधवार को पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कर पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा आठ की छात्राओं ने विद्यालय परिसर में पांच प्रकार के पौधे लगाए। उनके नाम व उसके लाभ बताए। कक्षा 7 और 8 की छात्राओं के मध्य पृथ्वी दिवस पर प्रश्नोत्तरी द्वारा एक क्विज कंपटीशन कराया गया। छात्राओं ने अपनी हथेली पर "पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ" का स्टिकर लगाकर पृथ्वी के संरक्षण की शपथ ली। शिक्षिकाओं ने छात्राओं को पृथ्वी दिवस मनाने की उपयोगिता बताई। कहा कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह है। छात्राओं ने धरती माता करें पुकार, हरा भरा कर दो संसार, पृथ्वी में बसी है सबकी जान, इसका मिलकर करो सम्मान का स्लोगन गाते हुए अधिक पौधों लगाने के लिए प्रेरित किया। क्विज प्रतियोगिता में छात्रा सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रभारी वार्डन मधुरिमा, लेखाकार मोहसिन अहमद खान, हिंदी शिक्षिका प्राची वर्मा, अंग्रेजी शिक्षिका ज़ैबुनिशा, कंप्यूटर शिक्षक दीपक खोसला, पीटीआई रिंकी चौधरी के अलावा सभी छात्राएं मौजूद रहीं।

## धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियां होंगी संरक्षित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित
- मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा गठित समिति में 15 सदस्य नामित

**अमृत विचार :** ज्ञान भारतम मिशन के अन्तर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति गठित की गई है। राजकीय हाईस्कूल, हुसैनपुर छिरावली की सहायक अध्यापक बबिता मेहरोत्रा को समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं समिति में साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय के संस्थापक डॉ. मनोज रस्तोगी, उर्दू साहित्य शोध केंद्र के संस्थापक डॉ. मुहम्मद आसिफ हुसैन तथा कारवां पुस्तकालय एवं संग्रहालय के संस्थापक डॉ. मुहम्मद जावेद सहित 15 सदस्य बनाए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने समिति गठित कर सदस्यों की सूची जारी कर दी है। समिति के सदस्यों में हिंदू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस रावत, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल चंगेरी डॉ. मृडिक ब्रतेश, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर सुदेश भटनागर, सरदार गुरविन्दर सिंह, सर्वेश चतुर्वेदी, राजेश तोमर, विशेष कुमार शर्मा, सुधीर कुमार, मेजर राजीव ढल, ब्रजेश वशिष्ठ, डॉ. विश्वास शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा को भी शामिल किया गया है। समिति ज्ञान भारतम मिशन के अन्तर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण के लिए जिले के पाण्डुलिपि आदि के सम्भावित संग्रह केन्द्र, निजी एवं सरकारी पुस्तकालय, संग्रहालय, शिक्षण संस्थान, शोध संस्थान, संस्कृत पाठशालायें, मंदिर, मठ, आश्रम, गुरुकुल, ट्रस्ट का भ्रमण कर सर्वेक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करेगी।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat
PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# तेज रफ्तार डंपर ने टेंपो को रौंदा, दो की मौत, आधा दर्जन घायल

## हाईवे पर मचा हाहाकार, चालक फरार, हादसे में मृत अज्ञात महिला की नहीं हो सकी पहचान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मुरादाबाद हाईवे पर बुधवार शाम तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रहे टेंपो को रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो डंपर के बंपर में फंसकर करीब 200 मीटर तक घिसटता चला गया। हादसे में टेंपो चालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इस्लामपुर चौराहे के पास उस समय हुआ जब टेंपो सवारियों को लेकर ठाकुरद्वारा की ओर आ रहा था। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टेंपो को टक्कर मार दी और उसे घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। टेंपो में सवार यात्री सड़क पर इधर-उधर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी।

इसी दौरान वहां से गुजर रहे सपा विधायक नवाब जान खान के काफिले ने घटना को देखा। विधायक ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचित कर राहत कार्य तेज कराया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में थाना डिलारी क्षेत्र के गांव मानपुर निवासी 45 वर्षीय गुल हसन पुत्र सुलेमान, जो टेंपो चालक था, की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अज्ञात महिला ने भी दम तोड़ दिया, जिसकी पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी। दोनों शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायलों में राजपुर केसरिया निवासी अंशिका पुत्री बाबूलाल और उसकी बहन सपना पत्नी शहर, फौलादपुर निवासी शाहीन जहां पत्नी अबरार व उसकी 8 वर्षीय बेटी नेहा, सरकड़ा करीम निवासी कृपाल सिंह (65) और उनकी पत्नी सानिया (60) शामिल हैं। सभी घायलों को गंभीर हालत में उपचार के लिए उत्तराखंड के काशीपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया।


चार हादसे के बाद वाहनों का लगा जाम। ● अमृत विचार

### सपा विधायक ने परिजनों को बंधाया ढांढस

सपा विधायक नवाब जान खान अस्पताल पहुंचे और मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ओवरलोड और तेज रफ्तार डंपरों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इस पर रोक लगाने के लिए उन्होंने उच्च अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


मुरादाबाद हाईवे पर असलेमपुर गांव के निकट सड़क पर पड़े घायल।


ठाकुरद्वारा अस्पताल में सपा विधायक नवाब जान मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए।


रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार


ठाकुरद्वारा अस्पताल में परिजनों से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

### ओवरलोड डंपरों पर सख्ती की मांग तेज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों के बाद ओवरलोड और तेज रफ्तार डंपरों पर अंकुश लगाने की मांग तेज हो गई है। हाल ही में हुए भीषण हादसे ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है, जिसके चलते स्थानीय नागरिक, व्यापारी और जनप्रतिनिधि प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नगर और आसपास के क्षेत्रों में ओवरलोड डंपर बेखौफ होकर दौड़ रहे हैं, जिससे आमजन की जान खतरे में है। उन्होंने कहा कि आए दिन हो रही दुर्घटनाएं प्रशासन की लापरवाही को दर्शाती हैं। उन्होंने मांग की कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ नियमित चेकिंग अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं सपा विधायक नवाब जान ने भी इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसे बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ओवरलोड डंपरों और तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने के कारण निर्दोष लोगों की जान जा रही है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल सख्त कदम उठाने, विशेष अभियान चलाने और दोषी चालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की।


यात्रियों से भरा वह टेंपो जिसे डंपर ने रौंदा।

# खेत में तेंदुए के दो शावक मिले, ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** किसान के खेत में तेंदुए के दो शावक मिलने से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं।

क्षेत्र के गांव भागिजोत निवासी किसान अनिल कुमार के खेत में तेंदुए के दो शावक दिखाई दिए तो लोगों ने मामले की जानकारी खेत मालिक को दी। इसके बाद दर्जन भर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने तेंदुए के शावक पकड़ लिए। इसके बाद पीआरबी और वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग के डिप्टी रेंजर के निर्देश पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और तेंदुए के शावक के आसपास घूम कर निरीक्षण किया। वन दरोगा अमरजीत सिंह ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि तेंदुए के शावकों के पास मादा तेंदुआ इधर-उधर हो सकती है, इसीलिए सतर्क रहें। किसी पर भी मादा तेंदुआ हमला कर सकती है। ग्रामीण मोहम्मद नाजिम, रईस अहमद, प्रीतम सिंह यादव, धर्मेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, वीर सिंह, अशोक कुमार आदि ने वन विभाग के अधिकारियों से गांव में पिंजरा लगवा कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।


तेंदुए का शावक।

● भगिजोत के अनिल कुमार के खेत में छिपे थे शावक

### वन विभाग की टीम ने जागरूकता अभियान चलाया



**डिलारी, अमृत विचार :** रामगंगा नदी के किनारे बसे गांव में तेंदुए की सक्रियता बढ़ने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने गांव सिहाली खड्डर पहुंचकर वन्य जीवों से सावधान रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। पोस्टर वितरित किए, गांव सिहाली खड्डर में लगभग 8 दिन से तेंदुआ आबादी और जंगल में घूमता देखा जा रहा है। क्षेत्र वासियों की शिकायत पर बुधवार को वन विभाग के अधिकारियों ने गांव पहुंचकर तेंदुए से बचाव करने के लिए टिप्स बताए। अधिकारियों ने बताया कि खेतों पर अकेले ना जाएं, छोटे बच्चों को बाजार, स्कूल, खेल के मैदान में अकेले ना जाने दे, गन्ने की कटाई बैठकर ना करें, रात में खेतों मे बोई फसल की सुरक्षा करने के दौरान चारपाई या जमीन पर ना सोए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपना नाम ASIYA से बदलकर ASIYA SAMEER रख लिया है अबसे मुझे ASIYA SAMEER नाम से जाना जाये। **ASIYA SAMEER**
**W/O MOHAMMAD SAMEER R/O 111 SIDHI SARAY ROAD LANGREY KI PULIYA ASALATPURA MORADABAD**

# कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**बिलारी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के स्योंडारा गांव में घर के कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटक कर युवक ने जान दे दी। स्योंडारा गांव के रमेश वाल्मीकि का 30 वर्षीय बेटे प्रदीप ने अपने ही घर में ही दुपट्टे फंदा लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। परिजनों को घटना की जानकारी उस समय हुई जब उन्होंने उसे कमरे में लटका हुआ देखा। आनन-फानन में आसपास के लोगों को बुलाया गया, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

**कार्यालय नगर निगम, मुरादाबाद**

पत्रांक: 22/प.प्र.वि./न.नि.मु./2026 दिनांक: 22.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

पथ प्रकाश विभाग, नगर निगम मुरादाबाद में ई-निविदा प्रणाली से नगर निगम के विभिन्न वार्डो में 750 किलोमीटर फेज वायरिंग बिछाये जाने के लिये ई-निविदायें दिनांक 28.04.2026 को सायं 05:00 बजे तक ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 22.04.2026 से 28.04.2026 तक ऑनलाइन अपलोड की जा सकेगी। निविदा दिनांक 29.04.2026 को सुबह 11:00 बजे अपर नगर आयुक्त/वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश के कार्यालय में खोली जायेगी। कार्यो की विस्तृत सूचना एवं निविदा शर्तें वेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं www.nagarnigammoradabad.in पर देखी जा सकती है।

**अपर नगर आयुक्त/**
**वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश**
**नगर निगम, मुरादाबाद**

**कार्यालय नगर निगम, मुरादाबाद**

पत्रांक: 20/प.प्र.वि./न.नि.मु./2026 दिनांक: 22.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

पथ प्रकाश विभाग, नगर निगम मुरादाबाद में ई-निविदा प्रणाली से नगर निगम के पथ प्रकाश व्यवस्था को आधुनिक बनाने हेतु सी.सी.एम.एस. लगाने के लिए ई-निविदा दिनांक 28.04.2026 को सायं 05:00 बजे तक ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22.04.2026 से 28.04.2026 तक ऑनलाइन अपलोड की जा सकेगी। निविदा दिनांक 29.04.2026 को सुबह 11:00 बजे अपर नगर आयुक्त / वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश के कार्यालय में खोली जायेगी। कार्यो की विस्तृत सूचना एवं निविदा शर्ते वेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं www.nagarnigammoradabad.in पर देखी जा सकती है।

**अपर नगर आयुक्त/**
**वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश**
**नगर निगम, मुरादाबाद**

# दंपती की हत्या से मर्माहत परिजनों से मिले मुरादाबाद देहात विधायक


मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाते विधायक नासिर कुरैशी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद देहात विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मोहल्ला चक्कर की मिलक में पति-पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या की खबर सुनकर बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक हाजी नासिर कुरैशी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों से मिलकर घटना पर दुख जताकर कानून व्यवस्था ध्वस्त होने पर नाराजगी जताई।

सपा विधायक ने पीड़ित परिवार में घटना के बाद ग़मज़दा तीन बच्चों को अपने पास से निजी एक लाख रुपये धनराशि इलाज के लिए दी। मृतकों का एक बच्चा बीमार बताया जा रहा है। साथ ही सरकार से परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बदतर हो गई है। मंडल मुख्यालय पर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अपराधियों पर अंकुश लगाने का सरकार का दावा केवल जुबानी है। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता असलम पंचायती, आफ़ताब बॉबी, सय्यद राशिद अली, सूफी तक़रीज, मो. इमरान, निजाम हुसैन, सरवर मिर्ज़ा, शाहिद अली, फहीम मंसूरी सहित अन्य सपाई मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम टाह मदन के नजदीक एक ग्रामीण के आम के बाग में पेड़ से एक युवक का शव लटका मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को फंदे से नीचे उतारा। मृतक की पहचान शिवम 24 निवासी गांव नरेंद्रपुर के रूप में हुई है। बुधवार की देर शाम कुछ ग्रामीणों ने देखा कि कुकरझुंडी सत्तीखेड़ा मार्ग के नजदीक एक आम के बाग में पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका देखा। इसके बाद उन्होंने गांव पहुंचकर जानकारी दी। सूचना पर काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान शिवम निवासी नरेंद्रपुर के रूप में की। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार शिवम उत्तराखंड के महुआखेड़ा गंज स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी करता था। बुधवार की दोपहर घर से अपने काम पर जाने को निकला था। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची व शव को फंदे से उतारा। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### पति और ससुर समेत चार पर मारपीट का केस दर्ज

भोजपुर, अमृत विचार : पुलिस ने थाना मूंढापांडे निवासी विवाहिता रूकसाना की तहरीर पर पति , ससुर व दो देवरों के खिलाफ मारपीट एवं छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में विवाहिता ने कहा है उसका विवाह मुस्लिम रिति रिवाज के अनुसार नवी हसन पुत्र नूर हसन निवासी ग्राम अकबरपुर के साथ हुआ था । पति शराब पीकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। देवर सद्दाम व दानिश गंदी नजरें रखते हैं। एक दिन पति किसी काम से बाहर गये थे। सद्दाम व दानिश पकड़कर कमरे में ले जाने लगे। शोर मचाने पर अपने भाई से तीन तलाक दिलवाने की धमकी दी। पति नवी हसन को आपबीती सुनाई तो उन्होंने भी जान से मारने की नियत से मारा-पीटा। सभी ने एक राय होकर शरीर पर गर्म तरल पदार्थ डाल दिया। जिससे गोद में लिए पुत्र अली का चेहरा बुरी तरीके से झुलस गया। पड़ोसियों के मौके पर आने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह अपनी जान बचाकर अपने बच्चे को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डेढ़ लाख की नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

**भोजपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं हैं। एक सप्ताह में मोहब्बतपुर भगवन्तपुर, गणेश देवी, फतेहपुरी के बाद मंगलवार की रात को चोरों ने गांव खय्याखादर निवासी किसान की दीवार में नकब लगाकर चोरी की घटनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया। पुलिस पीड़ीत परिवारों को जांच करने का आश्वासन देकर शांत करने में जुटी है। कुछ दिनों बाद गांव खय्याखादर निवासी किसान महबूब रजा पुत्र राहत जान के भाई और बहन का विवाह है। किसान विवाह की तैयारियां कर रहा था। बहन की शादी में उपहार के रूप में देने के लिए सोने चांदी के जेवरात समेत कीमती सामान और भाई की दूल्हन के लिए जेवरात और कपड़े आदि की खरीदारी कर घर में जमा कर रहा था। किसान का मकान गांव की बाहरी दिशा में खेतों की तरफ है। मंगलवार की रात को गर्मी से बचने के लिए पूरा परिवार मकान के आंगन मे चारपाइयों पर सो रहा था। रात को करीब सवा तीन बजे चोर मकान के पीछे की तरफ से कमरे की दीवार में नकब लगाकर बड़े सन्दूक के कब्जे तोड़कर डेढ़ लाख रुपए नगद एवं सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर ले गये है।

### ठाकुरद्वारा क्षेत्र में आज चार घंटे बाधित रहेगी बिजली

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बिजली निगम के अनुसार बिजनेस प्लान योजना 2024-25 (पार्ट-2) के तहत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र दारापुर से संबंधित 33 केवी लाइन के निर्माण कार्य के लिए ठाकुरद्वारा टाउन लाइन का प्लान शटडाउन लिया जाएगा। इस कारण 33 केवी ठाकुरद्वारा टाउन से पोषित सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं से निर्धारित समयावधि के दौरान होने वाले विद्युत व्यवधान को देखते हुए आवश्यक कार्य पहले निपटाने और सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

### खेत की सिंचाई कर रहे किसान पर जानलेवा हमले में चार नामजद

भोजपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव खानपुर कस्बा में खेत की सिंचाई कर रहे दंपती और उसके बेटे पर पड़ोसी खेत स्वामी ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने चार नामजद एवं चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में थाना कटघर के गांव ताजपुर माफी निवासी शंकर सिंह पुत्र वैशाखी सिंह ने कहा है कि उसका खेत भोजपुर के गांव खानपुर कस्बा के रकवे में है।




### प्रेरणा उत्सव का आयोजन, छात्रों को मिला प्रतिभा प्रदर्शन का मंच

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नवोदय विद्यालय कालेवाला में बुधवार को जनपद स्तरीय प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अंकुर कुमार रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनपद से एक छात्र और एक छात्रा का चयन कर उन्हें गुजरात के वडनगर स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें अपने कौशल को विभिन्न माध्यमों के जरिए अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया।

### ट्रांसपोर्टर पर फायरिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम सिरस्वां हरचंद निवासी ट्रांसपोर्टर राजेश कुमार पर कुछ हमलावरों ने फायरिंग कर दी थी। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में सात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस पूर्व में एक आरोपी आकाश कुमार को जेल भेज चुकी है एवं बुधवार को दो आरोपियों पूरन सिंह व राजेंद्र सिंह को जेल भेजा गया है। बता दें कि रविवार को राजेश कुमार मुरादाबाद से रात्रि में बाइक से घर लौट रहे थे तभी सिरस्वां हरचंद के चौराहे पर हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी थी। जिसमें राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल से कुछ दूरी पर खड़े डायल 112 वाहन पर तैनात पुलिस कर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए भाग रहे एक आरोपी आकाश कुमार को पकड़ लिया था। इस संबंध में राजेश कुमार की तहरीर के आधार पर पूर्व ब्लाक प्रमुख पूरन सिंह एवं उनके पुत्र आकाश यादव एवं विशाल यादव, अमित यादव, राजेंद्र सिंह, सुनील यादव, दुष्यंत यादव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, युवक घायल

**बिजनौर, अमृत विचार :** स्योहारा में मुरादाबाद रोड पर मंगलवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रतनपुरा निवासी मोहम्मद यासीन (64) स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुल्तानपुर के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे। बाइक सवार लखीपुरा निवासी अजय कुमार भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने यासीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अजय कुमार को परिजनों ने मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### गोया वर्ल्ड स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

**सैदनगली, अमृत विचार :** गोया वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाते हुए बच्चों ने पौधरोपण किया। तथा स्कूल परिसर में रैली निकाल कर पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाई। प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने बच्चो को संबोधित करते हुए प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने व स्वास्थ्य से संबंधित सलाह दी। स्कूल के रंग मंच पर प्रदूषण संबंधित नाटक का मंचन किया गया। जिसकी सभी बच्चों एंव अध्यापको ने सराहना की।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

**उझारी, अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र के गांव नूरपुर खुर्द में स्थित स्वामी विवेकानंद आदर्श पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक महेश तोमर ने पौधरोपण कर किया। प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक का उपयोग न करने और जल संरक्षण की शपथ दिलाई। विद्यालय प्रशासक एमएच रिज़वी ने बच्चों को रोचक जानकारी दी। प्रतियोगिता के मिडल सेक्शन में खुशी चौहान और मानवी ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर सेक्शन में रानी ने बाजी मारी और मोहिनी दूसरे स्थान पर रहीं। विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा: तीन दिन शहर में रहेगा रूट डायवर्जन

## भारी वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध, अभ्यर्थियों के लिए की गई पार्किंग व्यवस्था, शहर के बाहर बनाए गए चेकिंग प्वाइंट

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** जिल में 25, 26 और 27 अप्रैल को आयोजित होने वाली होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी किया है। परीक्षा के दौरान शहर में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात दबाव को देखते हुए कई मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा, ताकि व्यवस्था सुचारु बनी रहे और परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

यातायात प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह बताया कि मुरादाबाद से अमरोहा आने वाले वाहनों को नंदन स्वीट्स से कैलसा बाईपास होते हुए शहर में प्रवेश कराया जाएगा। वहीं नौगांवा और अमरोहा से मुरादाबाद जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों के लिए भी रूट परिवर्तन किया गया है, जिन्हें बाईपास मार्ग से होकर गुजरना होगा। इसी प्रकार, अतरासी चौकी हाईवे से अमरोहा शहर की ओर आने वाले वाहनों को भी डायवर्जन के तहत निर्धारित मार्गों से भेजा जाएगा। शहर के भीतर भी कई प्रमुख चौराहों और मार्गों पर वाहनों की आवाजाही सीमित रहेगी, ताकि परीक्षा केंद्रों के आसपास जाम की स्थिति न बने।

### भारी वाहनों को प्रवेश निषेध

यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 25, 26 और 27 अप्रैल तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्राली भी शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। कांकाठेर से लेकर 77 रिगल होटल तक सभी प्रकार के भारी वाहन और ट्रैक्टर-ट्रॉली पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। नियम का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए पार्किंग व्यवस्था

बाहरी जनपदों से आने वाले परीक्षार्थियों के वाहनों के लिए अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जीआईसी कॉलेज के परीक्षार्थियों के लिए डीएम नगर पुल के नीचे दोनों ओर पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है, जबकि कुंदन इंटर कॉलेज के लिए स्कूल परिसर में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। जेएस हिंदू इंटर कॉलेज और जेएस हिंदू पीजी कॉलेज के परीक्षार्थियों के लिए रेलवे माल गोदाम के सामने मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आईएम इंटर कॉलेज, जेडएसएस इंटर कॉलेज और एस हिंदू इंटर कॉलेज के परीक्षार्थियों के वाहनों के लिए भी अलग-अलग स्थान चिन्हित किए गए हैं।

> परीक्षा को लेकर रूट प्लान जारी रहेगा। लागों से अपील है कि परीक्षा के दिनों में अनावश्यक रूप से शहर के अंदर वाहन लेकर न आएं और संभव हो तो वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। साथ ही परीक्षार्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने को कहा गया है।
>
> **- राजेंद्र सिंह,** प्रभारी निरीक्षक यातायात पुलिस

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली होमगाड्र्स भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को डीएम नितिन गौड़ और एसपी लखन सिंह यादव ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम और एसपी ने आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज तथा जेएस हिंदू पीजी कॉलेज (ब्लॉक-ए व ब्लॉक-बी) का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन और शुचितापूर्ण ढंग से कराई जाए। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम और स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को भी देखा गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि निगरानी व्यवस्था लगातार सक्रिय रखी जाए और हर गतिविधि पर पैनी नजर बनी रहे। डीएम नितिन गौड़ ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, स्वच्छता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल को आयोजित होगी। कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। प्रत्येक पाली में 4704 अभ्यर्थी शामिल होंगे, इस प्रकार तीन दिनों में कुल 28,224 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की गई है।



परीक्षा केंद्रों पर तैयारियों का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। • अमृत विचार

### इन केंद्रों पर होगी होमगार्ड भर्ती परीक्षा

परीक्षा के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, एकेके इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू पीजी कॉलेज (ब्लॉक-ए व बी), भगवत सरन इंटर कॉलेज जोया तथा सिख इंटर कॉलेज नारंगपुर को केंद्र बनाया गया है।

### दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपी की बहन गिरफ्तार

**अमरोहा, अमृत विचारः** आदमपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म और जबरन गर्भपात कराने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी की बहन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी का जीजा और गर्भपात कराने वाली महिला चिकित्सक अब भी फरार हैं।

थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी जंगल में चारा लेने गई थी, तभी पड़ोसी गांव निवासी आरोपी ने उसे जबरन पकड़कर दुष्कर्म किया। किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर लगातार उसका शोषण किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। मुख्य आरोपी निर्विकार ने अपनी बहन कुसुम और बहनोई अशोक को बुलाया। पीड़ित पक्ष के अनुसार आरोपी किशोरी को एक ऐसे क्लीनिक में ले गए, जहां अवैध रूप से इलाज किया जा रहा था। आरोप है कि 28 मार्च को किशोरी की मर्जी के बिना जबरन गर्भपात करा दिया गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने निर्विकार, उसकी बहन कुसुम और बहनोई अशोक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी की बहन कुसुम को जेल भेज दिया।

# उत्पीड़न के विरोध में किया प्रदर्शन

- सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए की कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी ने मजदूरों के उत्पीड़न के मामलों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पहुंचकर विरोध जताया और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित मजदूरों के लिए न्याय की मांग उठाई।

बुधवार को समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अकरम के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। यह प्रदर्शन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के अनुपालन में आयोजित किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और मजदूर सभा से जुड़े लोग शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि जिले में मजदूरों के साथ लगातार अन्याय और उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस और संतोषजनक कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग लगातार शोषण का शिकार हो रहा है और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। पार्टी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो समाजवादी पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मजदूरों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौधरी, मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष अकरम अली, मुख्तार नकवी, मुमताज, नवनीत गोला, राधेलाल रघुवंशी और सुमित लंबरदार सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

### झगड़ा होने पर युवक ने पत्नी को दिया तीन तलाक

**गजरौला, अमृत विचारः** शहर के मछली मंडी मोहल्ला निवासी युवती का निकाह वर्ष 2014 में नौगांवा सादात नई बस्ती निवासी सलीम के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह के कुछ माह बाद ही सलीम ने पीड़िता के साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। इसे लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। इसी बात से नाराज महिला अपने मायके चली आई। आरोप है कि बीती 19 अप्रैल को सलीम अपने परिवार के साथ ससुराल पहुंचा और पत्नी व उसके मायके वालों के साथ मारपीट कर दी। पत्नी को तीन तलाक भी दे दिया।

# आरक्षण के समर्थन में सड़कों पर उतरीं महिलाएं

संवाददाता मंडी धनौरा

**अमृत विचारः** नारी शक्ति के अपमान और महिला आरक्षण के विरोध के मुद्दे को लेकर बुधवार को नगर में भाजपा युवा मोर्चा के बैनर तले आक्रोश रैली निकाली गई।

नगर पालिका परिषद से प्रारंभ होकर होली पार्क चौराहे तक पहुंची इस रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेते हुए विपक्षी दलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रैली का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और अपराजिता क्लब की अध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने किया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए महिलाएं सड़कों पर उतरीं और कांग्रेस व समाजवादी पार्टी की नीतियों को महिला विरोधी बताते हुए विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष अंकित शर्मा ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में देखते हैं। रैली के समापन पर होली पार्क चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने विपक्ष का पुतला दहन कर अपना रोष प्रकट किया। इस अवसर पर शुभम चौधरी, प्रत्यक्ष शर्मा, दुलीचंद, मंडल उपाध्यक्ष रजनी शर्मा, मीनाक्षी, सभासद सीमा, सरस्वती, संगीता, कविता सहित अपराजिता क्लब की अनेक सदस्य मौजूद रहे।



विरोध प्रदर्शन करती महिलाएं। • अमृत विचार

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने कपिल

- अरशद भारती ने सचिव पद पर दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा के वार्षिक चुनाव में इस बार कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अध्यक्ष पद पर कपिल चिकारा और सचिव पद पर अरशद भारती ने जीत दर्ज कर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ा गई।

बुधवार को 21 राउंड तक चली मतगणना के बाद देर शाम परिणाम घोषित किए गए। नतीजे सामने आते ही कचहरी परिसर में जश्न का माहौल बन गया। समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों को फूल-मालाओं से लाद दिया और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। अध्यक्ष पद के चुनाव में कपिल चिकारा ने 480 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अख्तर हुसैन को 323 मतों के बड़े अंतर से हराया। इस मुकाबले में अरशद हुसैन को 157 वोट मिले, जबकि आदिश खान सैफी 136 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अन्य प्रत्याशियों में महाराज सिंह को 112, संजय कुमार शर्मा को 101 और चैनसुख गोले को 14 मत प्राप्त हुए। वहीं सचिव पद पर मुकाबला काफी रोमांचक रहा। शुरुआत से लेकर अंतिम राउंड तक त्रिकोणीय संघर्ष बना रहा। अंततः अरशद भारती ने 245 वोट प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी फारुख को महज पांच मतों से पराजित किया। तीसरे स्थान पर रहे निरंकार को 229 वोट मिले। अन्य प्रत्याशियों में धर्मेंद्र सिंह को 120, दिनेश चौहान को 117 और विशु पंडित को 56 मत मिले। चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर उम्मे अम्मारा के नाम वापसी के बाद शबनम परवीन पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुकी थीं। इसके अलावा सदस्य कार्यकारिणी पुरुष जूनियर ग्रुप के चार पदों पर हरजीत सिंह राणा, फुरकान अली, मोहम्मद सिकंदर उर्फ सोनू और वसीम अख्तर आब्दी का निर्विरोध चयन हुआ। महिला सी ग्रुप में रेनू अग्रवाल और पूनम चौधरी भी बिना मुकाबले के विजयी रहीं। मंगलवार को हुए मतदान में कुल 1060 में से 1016 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। बुधवार को चुनाव समिति के सदस्यों की निगरानी में मतगणना कराई गई, जिसके बाद देर शाम परिणाम घोषित किए गए। विजयी प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वे बार की गरिमा बनाए रखने और अधिवक्ताओं के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### अज्ञात वाहन से टकराई बाइक युवक की मौत

**अमरोहा, अमृत विचारः** रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-9 पर देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

यह हादसा रजबपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात नेशनल हाईवे पर गांव झनकपुरी के पास हुआ। दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही तेज रफ्तार बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक संतुलन खोकर डिवाइडर से जा भिड़ी और उस पर सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे की भीषणता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बुलेट बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कुछ दूरी तक घिसटती चली गई। घटना के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे में मृतक की पहचान अमरोहा नगर थाना क्षेत्र निवासी सबूर हसन पुत्र मोहम्मद आजम के रूप में हुई है। घायलों में तंजीम पुत्र असलम शामिल है, जबकि तीसरे घायल युवक की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी।

### दो सभासदों के बीच हुई मारपीट, रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड सभासद शाहनवाज अंसारी ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल की शाम जब वह आजाद मार्केट की तरफ से आ रहे थे, तभी संभल अड्डा चौराहे पर वार्ड नंबर-20 के सभासद जाहिद अली ने उनकी मोटरसाइकिल रोक ली। आरोप है कि जाहिद ने वार्डों में हो रहे विकास कार्यों के भेदभाव का आरोप लगाते हुए शाहनवाज को गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी, जिससे शाहनवाज की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# अति पिछड़ा सम्मेलन को सफल बनाने में जुटी सुभासपा



बैठक में निर्देश देते सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने संगठन के लिए पार्टी कार्यालय पर बुधवार को बैठक का आयोजन किया, जिसमें 29 अप्रैल को प्रस्तावित अति पिछड़ा सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि यह सम्मेलन पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होगा, इसलिए इसे ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करें और अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भागीदारी सुनिश्चित करें। जिलाध्यक्ष ने जानकारी दी कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में पंचायती राज विभाग के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन ताज गार्डन, कैलसा बाईपास पर किया जाएगा।


**पब्लिक इण्टर कॉलेज उमरी कला मुरादाबाद**

**नीलामी सूचना**

विद्यालय पब्लिक इण्टर कॉलेज उमरी कला मुरादाबाद में वृक्षों का पातन कर नीलामी यू.के. लिप्टिस, आम, पोपलर की संख्या- 60 है। उक्त वृक्षों की नीलामी दिनांक 30.04.2026 दिन बृहस्पतिवार समय- अपराहन 2 बजे पब्लिक इण्टर कॉलेज, उमरीकला में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**प्रबन्धक**
**पब्लिक इण्टर कॉलेज**
**उमरी कला, मुरादाबाद मो. 7300573274**





अमृत विचार

मुरादाबाद, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026 संभल-चन्दौसी

**न्यूज ब्रीफ**

## पुलिस ने तमंचे के साथ युवक को पकड़ा

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली पुलिस ने अवैध तमंचा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक की पहचान जावेद पुत्र इकबाल 24 निवासी ग्राम ओबरी थाना असमोली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 12 बोर का एक तमंचा और 12 बोर के एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ हैं। उसे हिरासत में लेकर थाने लाया गया। मामले में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया है।

## ट्रेन का इंतजार कर रहे बुजुर्ग की मौत

**चंदौसी, अमृत विचार :** कोतवाली के गांव पतरौआ निवासी जबर सिंह (65) दमा के रोग से पीडित रहता था। उनका अलीगढ़ के किसी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जबर सिंह बुधवार को अपनी पत्नी महादेवी के साथ अलीगढ़ दवा लेने के लिए जा रहे थे। बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर ट्रेन से अलीगढ़ जाना था। वह करीब 11 बजे प्लेटफार्म तीन पर जाकर पुल के पास बैठकर ट्रेन का इंतजार करने लगे। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। जबकि पत्नी को एहसास भी नहीं हुआ। सफाई कर्मी जब वहां पहुंचा तो वृद्ध की मौत की जानकारी हुई। उसने इसकी जानकारी जीआरपी को दी। जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर थाने ले आई। साथ ही मौत की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी होने पर मृतक के बेटे राकेश व अजय थाने आ गए। उन्होंने किसी भी तरह की कार्रवाई से इनकार कर दिया।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग लाखों का सामान राख

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव दरियापुर बुजुर्ग निवासी कौशिक कुमार के घर में बुधवार की सुबह शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। जिससे वहां अफरातफरी मच गई। जिसमें उनके घर में रखा वाशिंग मशीन, फ्रिज, महंगे कपड़े और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गए। जिससे कौशिक कुमार का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं आग की लपटों को उठता देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जमा हुए लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। पीड़ित कौशिक कुमार ने बताया कि उनकी छत पर सोलर पैनल लगे हैं। जिसके कारण इनवर्टर में आग लग गई। इसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसमें उनका लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

# इलाज के दौरान किशोरी की मौत

## परिजनों ने किया हंगामा, अस्पताल स्टॉफ पर लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार :** चंदौसी में जारई रोड स्थित एक निजी अस्पताल में मंगल बुधवार की सुबह उपचार के दौरान एक किशोरी की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर मारपीट करने व इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। उत्तेजित परिजनों और ग्रामीणों ने काफी देर तक अस्पताल में हंगामा किया। भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को संभालकर विवाद शांत कराया।



मोना का फाइल फोटो।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के गांव ओरछी निवासी खिलेंद्र ने अपनी 17 वर्षीय बेटी मोना की तबीयत खराब होने पर मंगलवार की शाम जारई रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में रात भर उसका इलाज चलता रहा। सुबह 11 बजे करीब किशोरी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसके बाद जब गांव खबर पहुंची तो काफी संख्या में लोग अस्पताल आ गए। परिजनों व ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में काफी देर तक हंगामा किया। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर उनके साथ मारपीट करने का आरोप भी लगाया।



चंदौसी के अस्पताल में हंगामा करती भीड़ और तैनात पुलिस बल। • अमृत विचार



टूटा अस्पताल गेट का शीशा।

- **सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने पर माने परिजन**

करीब एक घंटे तक हंगामा होता रहा। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार सिंह कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान अस्पताल के बाहर सड़क पर लोगों की काफी भीड़ लग गई। हंगामा होता देख चिकित्सक अस्पताल से चले गए।

### दोनों पक्षों के बीच हुआ समझौता

पुलिस ने ग्रामीणों व मृतका के परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया। इसके बाद कहीं जाकर वह शांत हुए। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो। मृतका किशोरी के परिजनों ने किसी भी तरह की कार्रवाई से इनकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी को परिजनों ने मंगलवार की शाम 6 बजे भर्ती कराया था जिसकी बुधवार की सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। हालांकि परिजनों ने कार्रवाई से फिलहाल इंकार किया है और पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

# सेवानिवृत्त ग्राम पंचायत अधिकारी ने खुद को मारी गोली, मौत



मृतक के रोते बिलखते परिजन। • अमृत विचार



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस और फॉरेंसिक टीम।

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र की वैष्णो बिहार कालोनी में एक सेवानिवृत्त ग्राम पंचायत अधिकारी ने अपनी लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जिस मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

वैष्णो बिहार निवासी शालिगराम (63) मूलरूप जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के गांव हबीपुर के निवासी थे। शालिगराम ने बुधवार की सुबह 11 बजे अपने कमरे में रखी लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन व पड़ोसी कमरे की ओर दौड़े। अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। कमरे के अंदर शालिगराम का खून से लथपथ शव पड़ा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। शालिगराम ने करीब छह वर्ष पूर्व नौकरी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और दो बेटियां हैं। सीओ प्रदीप कुमार सिंह ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली। सीओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया ग्राम पंचायत अधिकारी में अपनी लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर हत्या की है। पुलिस परिजनों से आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। फारेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किये।



मृतक शालिगराम।

# श्री कल्कि सेना का स्थापना दिवस मनाया

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल के 33वें स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर, कोट पूर्वी में भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा श्री कल्कि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें दिल्ली से आए भजन गायक मनोज पांडे ने कल्कि नाम रस मीठा है, गा के देख ले और ऐसी लागी लगन, मीरा हो गई मगन जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। अन्य भजन गायकों ने भी भगवान श्री कल्कि के भजनों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गईं। संगठन के संरक्षक पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि किसी भी संगठन के लिए 33 वर्ष का सफर एक बड़ी उपलब्धि होती है। श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल पिछले 33 वर्षों से भगवान श्री कल्कि की अलख जगाने और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में निरंतर कार्य कर रही है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन के 33 वर्ष पूर्ण होने पर समाज बधाई का पात्र है। जिला प्रभारी उज्ज्वल सक्सेना ने बताया कि संकीर्तन, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही संगठन के प्रति समर्पित कल्कि सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मनोज पांडे, उज्ज्वल सक्सेना, अक्षय शर्मा, एडवोकेट प्रिंस शर्मा, यश गुप्ता, नवीन सक्सेना, सुभाष खन्ना, सोनू गोला, ललित ठाकुर, गौरव भटनागर, एडवोकेट नरेश शुक्ला, गगन वार्ष्णेय, प्राज्ञय शर्मा, अनुज शर्मा, रेखा शर्मा, अनुराग रस्तोगी, किरण शर्मा, शशि शर्मा, क्षमा गुप्ता, नीरूपमा गोयल, अरुणा आदि रहे।



संभल के श्री कल्कि मंदिर में भजन कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालु। • अमृत विचार

- **33 साल से श्री कल्कि की अलख जगाने के काम में जुटे श्री कल्कि सेना के पदाधिकारी**

# रूपजहां हत्याकांड के फरार आरोपियों की संपत्ति होगी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मतावली पट्टी जग्गू में हिंदू युवक से प्रेम प्रसंग के चलते हुई युवती रूपजहां की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। बुधवार को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के घरों के बाहर ढोल बजवाकर मुनादी कराई और धारा 82 के तहत कुर्की की नोटिस चस्पा की।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी रूपजहां का गांव के ही युवक शुभम सैनी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवार के विरोध के बावजूद युवती उसके साथ रहने की जिद पर अड़ी हुई थी। इसी बात से नाराज परिजनों ने 19 फरवरी को रूपजहां की गला दबाकर हत्या कर दी थी। मामले में शुभम सैनी की मां हरप्यारी की तहरीर पर पुलिस ने रूपजहां के भाई जानेआलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने जानेआलम और उसके पिता नौशे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद विवेचना में अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आई। पुलिस जांच में ग्राम प्रधान पति लेखराज, कुलदीप सैनी और बाबी ठाकुर की भूमिका उजागर हुई। पता चला कि इनकी शह पर ही परिजनों ने रूपजहां की हत्या की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रधान पति लेखराज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। इस मामले में घटना के बाद से ही कुलदीप सैनी और बाबी ठाकुर फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। बुधवार को थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव पहुंची और फरार आरोपियों के घरों के बाहर ढोल बजवाकर मुनादी कराई। मुनादी के दौरान आरोपियों को चेतावनी दी गई कि वे शीघ्र न्यायालय में उपस्थित हों, अन्यथा उनकी संपत्ति कुर्क की जाएगी। पुलिस ने आरोपियों के घरों पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत नोटिस चस्पा करते हुए उन्हें भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि आरोपी जल्द सरेंडर नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



आरोपियों के घर नोटिस चस्पा कर मुनादी कराते कोतवाल मोहित चौधरी।

- **आरोपियों के घरों पर कुर्की का नोटिस चस्पा**
- **पुलिस ने ढोल बजवाकर कराई मुनादी**

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू (टिकैत) ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने बुधवार को किसानों की समस्याओं को लेकर तीन सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी नीतू रानी को सौंपा है। ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।

युवा मंडल उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित ठाकुर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि क्षेत्र में घुमंतू पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। घुमंतू पशु किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई बार सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं। वहीं स्मार्ट मीटर को लेकर कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली के बिल कई गुना बढ़कर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण मीटर रीडिंग भी सही नहीं हो रही है। पुराने मीटर से ही बिलिंग की जाए या स्मार्ट मीटर की खामियों को दूर किया जाए। साथ ही शादी समारोह में गैस सिलेंडर न मिलने की समस्या से अवगत कराया। भाकियू ने शीघ्र ही तीनों समस्याओं के समाधान की मांग की है। इस दौरान काफी संख्या में भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता।

# संभल पुलिस ने प्रतियोगिता में मारी बाजी

- **बरेली जोन हैंडबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में संभल पुलिस को मिला प्रथम स्थान**

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

**अमृत विचार:** जनपद बिजनौर में आयोजित अन्तर्जनपदीय पुलिस हैंडबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता बरेली जोन में संभल पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। टीम की इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में खुशी का माहौल है।

प्रतियोगिता में बरेली जोन के विभिन्न जनपदों की पुलिस टीमों ने हिस्सा लिया था, जहां कड़े मुकाबले देखने को मिले। संभल पुलिस की टीम के खिलाड़ियों ने हर मैच प्रतिद्वंद्वी टीमों को पछाड़ा और खिताब अपने नाम किया। हैंडबॉल और बास्केटबॉल दोनों ही प्रतियोगिताओं में टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर रणनीति और तालमेल का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां पुलिस कर्मियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इस प्रकार की प्रतियोगिताएं मनोबल को बढ़ाने का कार्य करती हैं।




एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई को ट्रॉफी भेंट करती संभल पुलिस की विजेता टीम।

## सड़क हादसे में दंपती और बेटा घायल

**बबराला, अमृत विचार :** आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर नरौरा बैराज के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने रोड के किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दंपती और उनका पांच वर्षीय बेटा घायल हो गया। दंपती की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर जिले के कलान कस्बा निवासी प्रदीप राघव पत्नी राधिका राघव और पांच वर्षीय बेटा सोनू के साथ बाइक से नोएडा जा रहे थे। बुधवार सुबह करीब आठ बजे नरौरा बैराज के पास स्थित काली मंदिर के निकट प्रदीप ने पानी पीने के लिए बाइक सड़क किनारे रोक दी। तीनों पानी पी रहे थे। इसी बीच तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में प्रदीप, राधिका गंभीर रूप से घायल हो गए। सोनू को भी चोटिल हुआ है। राधिका और प्रदीप की हालत गंभीर होने पर अलीगढ़ भेजा गया है।

# बस और ट्रक की टक्कर में 10 यात्री गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र के गवां-बबराला मार्ग पर गांव सिहावली के समीप बुधवार दोपहर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। आमने-सामने हुई बस और ट्रक की भीषण टक्कर में 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब गुन्नौर की ओर से आ रहा ट्रक एक कार को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बस से उसकी भिड़ंत हो गई। बस में करीब 15 यात्री सवार थे। हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में घायल बस चालक राजेश (38) पुत्र वीरेंद्र निवासी देऊपुरा, परिचालक भूरे (35) पुत्र अजीज निवासी सिंधौली कल्लू, सोनू शर्मा (40) निवासी बबराला, ममता (38) पत्नी सोनू शर्मा, अनमोल (11) पुत्र सोनू, रूमाली (60) पत्नी रामकुमार निवासी दिनौरा थाना धनारी, शिवदेवी (55) निवासी मलिकपुर, राजू (35) निवासी देऊपुरा, ट्रक चालक विवेक (45) निवासी सिसोना डांडा तथा परिचालक महिपाल (38) निवासी सिसोना डांडा शामिल हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

- **हादसे के बाद मौके पर मची चीख-पुकार, पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा**

# बच्चों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** पृथ्वी दिवस पर विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के तहत बच्चों ने पेंटिंग, स्लोगन लेखन और पौधारोपण जैसी गतिविधियों के माध्यम से 'प्लास्टिक को ना' और 'जल बचाओ' जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा प्ले से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों के रोपण से हुई।

संचालन प्रिया यादव ने किया, जबकि मीनल अशोक ने सभी छात्रों को पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलाई। इसके बाद कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं श्रुति संध्या, अंजलि, हिमांशु, अफजल, अभिनय, ऋषभ, समर अली और प्राची ने पृथ्वी दिवस पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके इतिहास और उद्देश्य की जानकारी दी तथा छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अतुल गोयल, कपिल गोयल, कार्तिक गोयल, विनीता अग्रवाल, सोनल शर्मा, मीनाक्षी मिनोचा, रीता कमल, सीमा सिसौदिया, श्वेता गुप्ता, अंजलि, शहनाज, वर्तिका, समीक्षा, नेहा, कुमकुम, अपूर्वा और अमित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



बबराला में पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल बच्चे। • अमृत विचार

- **शिक्षकों ने बच्चों को किया जागरूक**

# ऑपरेशन दहन के तहत 42 किलो मादक पदार्थ किया गया नष्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** विशेष अभियान ऑपरेशन दहन के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विभिन्न स्थानों से बरामद किए गए मादक पदार्थों को नष्ट कराया। इस दौरान करीब 42 किलो मादक पदार्थ नष्ट किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 86 लाख रुपये आंकी गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने बताया कि जनपद के अलग-अलग थानों में मादक पदार्थों की बरामदगी से संबंधित कुल 24 मुकदमे दर्ज किए गए थे। इन मामलों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की गई और विभिन्न स्थानों से कुल 42 किलो मादक पदार्थ बरामद किए गए। इसके बाद बबराला स्थित एक निजी फैक्ट्री में ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में विधिवत प्रक्रिया अपनाते हुए मादक पदार्थों को नष्ट किया गया।



बबराला में मादक पदार्थों को नष्ट कराती पुलिस टीम। • अमृत विचार

# फूड प्वाइजनिंग से बीमार हुए लोगों का इलाज करने पहुंची टीम

- **कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव शाकिन शोभापुर में बरात में खाना खाकर बीमार हुए थे 150 लोग**

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव शाकिन शोभापुर में बरात के दौरान भोजन करने के बाद बड़ी संख्या में लोगों के बीमार पड़ने की सूचना पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

सोमवार रात्रि आयोजित शादी समारोह में दूल्हा समेत 150 से अधिक लोग भोजन करने के बाद उल्टी-दस्त की शिकायत से पीड़ित हो गए थे। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया था और परिजन बीमार लोगों को निजी चिकित्सकों और अस्पतालों में लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और 83 बीमार लोगों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित कीं। चिकित्सकों ने लोगों को आवश्यक परामर्श देते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, बासी भोजन से बचने और पानी को उबालकर पीने की सलाह दी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि शादी समारोह में परोसी गई लौकी की लौंज में इस्तेमाल किया गया मावा संदिग्ध हो सकता है। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बचे हुए खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डॉ. फहीम, डा. वंदना, फार्मासिस्ट विपिन, एएनएम डोली सहित आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



फूड प्वाइजनिंग से बीमार हुए लोगों का इलाज करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

